उन व्यक्तियों के लिए मार्गदर्शन जिन्हें NSW में प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता है, और जो उनकी ओर से कार्य कर रहे हैं

1 नवंबर 2022 से NSW में सिंगल-यूज प्लास्टिक स्ट्रॉ देने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

यदि आप एक ऐसे व्यक्ति हैं जिसे विकलांगता या अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता के कारण प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता है, या किसी ऐसे व्यक्ति की ओर से कार्य करने वाले व्यक्ति/संगठन हैं, जिन्हें इनकी आवश्यकता है,तो आप प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ लेना जारी रख सकते/ती हैं जहाँ वे उपलब्ध हों।

कोई भी व्यक्ति या संगठन किसी ऐसे व्यक्ति की ओर से कार्य कर सकता है जिसे प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता होती है, जिनमें देखभाल करने वाले, परिवार के सदस्य, दोस्त, शिक्षक, वृद्ध-देखभाल सुविधाएँ, परिषद, कैफे, स्कूल और अस्पताल शामिल हैं।

यदि आप उन्हें अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए या किसी ऐसे व्यक्ति की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए उपयोग कर रहे/ही हैं, जिसकी ओर से आप कार्य कर रहे/ही हैं, तो आप पर प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ खरीदने, माँगने या उपयोग करने के लिए जुर्माना नहीं लगाया जा सकता है। प्रतिबंध केवल वहीं लागू होता है जहाँ व्यवसाय करते समय प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ दिया जाता है।

यदि आप प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ के सप्लायर हैं, तो आप कुछ परिस्थितियों में प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आपूर्ति जारी रख सकते/ती हैं। NSW में प्लास्टिक सिंगल-यूज़ वाले स्ट्रॉ की आपूर्ति कौन कर सकता है, इस बारे में हमारी मार्गदर्शिका देखें।

यदि आपको विकलांगता या अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता के कारण प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता होती है, या आप किसी ऐसे व्यक्ति की ओर से कार्य कर रहे/ही हैं जिसे इसकी आवश्यकता होती है, तो निम्नलिखित जानकारी आप पर लागू होती है।

वे स्थान जहाँ आप स्ट्रॉ की माँग कर सकते/ती हैं (हॉस्पिटेलिटी स्थल, बाज़ार आदि)

- आप निम्न परिसरों में प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की माँग कर सकते/ती हैं:
  - व्यावसायिक उद्देश्य के लिए या धर्मार्थ, खेल, शैक्षिक या सामुदायिक उद्देश्यों के लिए भोजन या पेय पदार्थ प्रदान करने वाले व्यक्ति या संगठन (उदाहरण के लिए, रेस्तरां, कैफे (बोर्ड ट्रेनों सहित), मोबाइल खाद्य ट्रक, स्कूल कैंटीन, खेल कियोस्क, फण्डरेज़र सॉसेज सिज़ल)
  - स्थानीय सरकारी कार्यालय जहाँ सामान्य जन जाते हैं (उदाहरण के लिए, कोई परिषद प्रशासन भवन)
  - धर्मार्थ संगठन
- उपरोक्त परिसरों में आपसे स्ट्रॉ के लिए शुल्क नहीं लिया जा सकता है।
- आपको यह 'साबित' करने की ज़रूरत नहीं है कि आपको (या आप जिस व्यक्ति के लिए ले रहे/ही हैं) को स्ट्रॉ की जरूरत है और प्रदाताओं को आपसे सबूत नहीं चाहिए होगा।
- जरूरत पड़ने पर आप एक से अधिक प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ की माँग कर सकते/ती हैं।
- आपकी ओर से कार्य करने वाला कोई व्यक्ति आपके लिए स्ट्रॉ की माँग कर सकता है।

रेस्तरां और कैफे जैसे हॉस्पिटेलिटी स्थल प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ रख सकते हैं, परन्तु ज़रूरी नहीं है कि वे ऐसा करें। ऐसी जगहों पर जाते समय आप अपने साथ एक प्लास्टिक सिंगल यूज स्ट्रॉ ले जा सकते/ती हैं।

वे स्थान जहाँ आपको स्ट्रॉ दिया जा सकता है (स्वास्थ्य सुविधाएँ)

- आपको निम्नलिखित परिसरों में प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ दिया जा सकता है या आप माँग सकते हैं:
  - चिकित्सा सुविधाएं (उदाहरण के लिए, अस्पताल, सामान्य चिकित्सक क्लीनिक)
  - दंत चिकित्सालय (डेंटल क्लिनिक)
  - देखभाल सुविधाएं (उदाहरण के लिए, नर्सिंग होम, चाइल्डकेयर सेंटर)
  - रोगी परिवहन सुविधाएं (उदाहरण के लिए, एम्बुलेंस)
  - वे जगहें जहाँ घर में देखभाल प्रदान की जा रही है।
- प्रदाता आपसे स्ट्रॉ के लिए शुल्क नहीं ले सकते हैं।
- आपकी ओर से कार्य करने वाला कोई व्यक्ति आपके लिए स्ट्रॉ की माँग कर सकता है।

वे स्थान जहाँ से आप स्ट्रॉ खरीद सकते हैं

- आप इन जगहों से प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ (जहां स्टॉक किया जाता है) खरीदना जारी रख सकते हैं:
  - ऑनलाइन सप्लायर (उदाहरण के लिए, ऑनलाइन मार्केटप्लेस)
  - फार्मेसियों और केमिस्ट से
  - निर्माता, उत्पादक और थोक व्यापारी
- आपकी तरफ़ से कार्य करने वाला कोई व्यक्ति आपके लिए स्ट्रॉ खरीद सकता है।
- निर्माताओं, उत्पादकों, थोक विक्रेताओं या ऑनलाइन आपूर्तिकर्ताओं से प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ खरीदते समय, आपको यह पुष्टि करने के लिए कहा जा सकता है कि आपको स्ट्रॉ की आवश्यकता क्यों है (उदाहरण के लिए, विकलांगता या चिकित्सा आवश्यकता के लिए)।
- फार्मेसियों और केमिस्टों से प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ खरीदते समय, आपको यह साबित करने की ज़रूरत नहीं है कि आपको, या जिस व्यक्ति के लिए आप माँग कर रहे/ही हैं, उसे स्ट्रॉ की ज़रूरत है, और उन्हें आपसे इसका सबूत नहीं चाहिए।

NSW Environment Protection Authority (एनएसडब्ल्यू पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण)
ईमेल: info@epa.nsw.gov.au | वेबसाइट: www.epa.nsw.gov.au

EPA 2022P3891 | ISBN 978 1 922778 37 6 | सितंबर 2022

EPA **डिस्क्लेमर (अस्वीकरण)** और **कॉपीराइट** संबंधी जानकारी EPA वेबसाइट पर उपलब्ध है।